# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
# Ch. Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : पी0ए0/1776
दिनांक : 25.06.2019

## कार्यालय आदेश

विश्वविद्यालय मेरिट लिस्ट में तकनीकी कारणों से अन्य बोर्ड के अभ्यर्थी सामान्य श्रेणी में निर्धारित से अधिक आ जाने के कारण यह मेरिट लिस्ट तत्काल रोक ली गई है। संशोधित मेरिट लिस्ट कल प्रातः पुनः दी जायेगी। यदि उत्तर प्रदेश बोर्ड के अभ्यर्थियों का प्रवेश सम्पुष्ट हो चुका है तो यथावत रहेगा। यद्यपि उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के किसी छात्र द्वारा कोई प्रत्यावेदन नहीं दिया गया फिर भी विश्वविद्यालय की प्रवेश समिति ने इस बोर्ड के छात्रों को होने वाली सम्भावित हानि को दृष्टिगत रखते हुए स्वतः संज्ञान लेते हुए अन्य बोर्ड (यथा सी0बी0एस0ई0 आदि) के निम्न मेरिट वाले छात्रों की प्रवेश की स्थिति पर पुनर्विचार करने के लिये केवल इन बोर्डों के सामान्य श्रेणी के प्रवेश रोकते हुए पूर्व में घोषित मेरिट लिस्ट वापिस ली है।

उत्तर प्रदेश बोर्ड के सामान्य वर्ग के प्रवेश ले चुके छात्रों के प्रवेश यथावत रहेंगे उन पर किसी प्रकार का पुनर्विचार नहीं किया जायेगा। परास्नातक के पंजीकरण वर्तमान में चलते रहेंगे।

कुलसचिव

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

1. वैयक्तिक सहायक कुलपति को कुलपति जी के अवलोकनार्थ
2. वैयक्तिक सहायक प्रति कुलपति को प्रति कुलपति महोदया के सूचनार्थ।
3. वैयक्तिक सहायक वित्त अधिकारी को वित्त अधिकारी के सूचनार्थ।
4. वैयक्तिक सहायक कुलसचिव।
5. वैयक्तिक सहायक परीक्षा नियंत्रक को परीक्षा नियंत्रक के सूचनार्थ।
6. उप कुलसचिव (परीक्षा) को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
7. विश्वविद्यालय प्रवेश समन्वयक।
8. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता।
9. प्रभारी, विश्वविद्यालय वेबसाईट।

25-6-19
कुलसचिव